अमृत विचार

बरेली महानगर

बरेली , सोमवार,10 नवंबर 2025

PAGE NO : III TOP

# हम तुम नाटक का मंचन

**बरेली, अमृत विचार :** इमेंस आर्ट एंड कल्चरल सोसायटी लखनऊ की ओर से रविवार को एसआरएमएस रिद्धिमा के सभागार में नाटक ''हम तुम'' का मंचन हुआ। यह नाटक रूसी नाट्यकार एलेक्सी अर्बुजोव के बहुचर्चित नाटक "द ओल्ड वर्ल्ड' पर आधारित है। जिसे राहील भारद्वाज ने हिंदी में अनुवाद किया।

दो अंधेड़ उम्र के व्यक्तियों की कहानी पर आधारित इस नाटक की पृष्ठभूमि में एक सेनिटोरियम है, जहां 55 वर्षीय डॉ. सरदार सिंह भुल्लर ( गोविंद सिंह यादव ) अपने एकाकी जीवन और सेनिटोरियम के काम काज में व्यस्त हैं, दूसरी तरफ 49 वर्षीय सरिता ( मयूरी द्विवेदी) हैं, जो स्वतंत्र विचारों वाली हैं, जो सेनेटोरियम में भर्ती होती हैं। जिनकी डॉ. भुल्लर से मुलाकात होती है, जो डॉ. भुल्लर की शांत,



नाटक हम तुम का मंचन करते कलाकार।

अनुशासित जिंदगी में हलचल पैदा करती है। नाटक छोटी मोटी नोकझोंक से भरपूर है। नाटक का परिकल्पना और निर्देशन सुदीप चक्रवर्ती ने किया, जबकि लाइट डिजाइन प्रियंक कटारी कटारिया का रहा। संगीत राहुल सेन ने दिया। एसआरएमएस ट्रस्ट के सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति, आशा मूर्ति, ऋचा मूर्ति, डॉ.एमएस बुटोला, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ.अनुज कुमार, डॉ. शैलेश सक्सेना, डॉ.आशीष कुमार, डॉ.रीता शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।